# सभासार AI टूल

[स्रोत: IE](#)

केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय (MoPR) ने **सभासार एआई (SabhaSaar AI) टूल** लॉन्च किया है, जो ग्राम सभा की **वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग** से स्वतः ही बैठक के **कार्यवृत्त (Minutes of Meeting) तैयार** करता है।

- **भाषिनी प्लेटफॉर्म** के साथ एकीकृत, यह **हिंदी और अंग्रेज़ी सहित 13 भारतीय भाषाओं** में **बहुभाषी लिप्यंतरण और अनुवाद प्रदान** करता है। इसे सबसे पहले **त्रिपुरा में शुरू** किया गया था।
  - **भाषिनी (भारत के लिये भाषा इंटरफेस) (MeitY, 2022), राष्ट्रीय भाषा अनुवाद मिशन** के तहत विकसित एक **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)-संचालित भाषा** अनुवाद प्लेटफॉर्म है।

## ग्राम सभा और ग्राम पंचायतें:

- **ग्राम सभा** गाँव का **विधायी निकाय और प्रत्यक्ष लोकतंत्र** का एक मंच है। इसमें गाँव के सभी पंजीकृत मतदाता शामिल होते हैं और **ग्राम पंचायत को जवाबदेह** बनाती है।
- इसके मुख्य कार्यों में **बजट स्वीकृत** करना, रिपोर्टों की समीक्षा करना और **ग्राम विकास योजनाओं** की पारदर्शिता और सामाजिक **लेखा-परीक्षण सुनिश्चित** करना शामिल है।
- ग्राम पंचायत, ग्राम सभा का कार्यकारी निकाय है। यह **सदस्यों (पंचों) की एक निर्वाचित परिषद** है जिसका एक **मुखिया (सरपंच**) होता है, जो पाँच वर्षों के कार्यकाल के लिये ग्राम प्रशासन हेतु उत्तरदायी होता है।
- **ग्राम पंचायतों से संबंधित अन्य प्रमुख पहल:**
  - **पंचायत निर्णय (Panchayat NIRNAY):** नियमित एवं पारदर्शी ग्राम सभा बैठकों के लिये रियल-टाइम मॉनिटरिंग पोर्टल।
  - **ई-ग्रामस्वराज (eGramSwaraj):** योजना, वित्त, रिपोर्टिंग और परिसंपत्तियों के ट्रैकिंग हेतु पोर्टल।
  - **ऑडिटऑनलाइन (AuditOnline):** पंचायत खातों के डिजिटल ऑडिट।
  - **कॉमन सर्विस सेंटर्स (CSC):** ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल, नागरिक-केंद्रित सेवाओं की आपूर्ति।
  - **राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA):** पंचायती राज संस्थाओं की शासन क्षमता को मज़बूत करने पर केंद्रित।
  - **ग्राम मानचित्र (Gram Manchitra):** जीआईएस-आधारित टूल जो पंचायतों को ग्राम की परिसंपत्तियों और अवसंरचना का मानचित्रण व दृश्यांकन करने में सक्षम बनाता है, जिससे डाटा-आधारित योजना और संसाधनों का कुशल आवंटन संभव हो सके।
  - **स्वामित्व योजना (SVAMITVA Scheme):** ड्रोन सर्वेक्षण के माध्यम से ग्रामीण भूमिधारकों को कानूनी स्वामित्व (प्रॉपर्टी कार्ड) प्रदान करती है।

**और पढ़ें..:** स्मार्ट ग्राम पंचायत